Complaint no 41 of 2025 CNR No. UPJP010020632025 Sundari Vs Ashish & others

**न्यायालय–विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अ0 नि0) अधिनियम, जौनपुर।**

परिवाद संख्या–41/2025
(पंजीकरण संख्या–45/2025)
सुन्दरी देवी––––––बनाम––––––आशीष सिंह एवं अन्य।

**<u>दिनांक–11.03.2026</u>**

आज पत्रावली पेश हुयी। बार–बार पुकार कराने एवं इंतजार के बावजूद भी परिवादिनी की ओर से कोई उपस्थित नहीं है। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि पत्रावली धारा 223 बी0एन0एस0एस0 के बयान हेतु नियत चल रही है। पूर्व में नियत तिथियों पर भी परिवादिनी की ओर से कोई उपस्थित नहीं आया है, आज भी सुनवाई के समय कोई उपस्थित नहीं है और न ही कोई स्थगन प्रार्थना पत्र दिया गया है। विगत तिथि पर परिवादिनी को उपस्थित होने हेतु अंतिम अवसर भी प्रदान किया जा चुका है। ऐसा प्रतीत होता है कि परिवाद पर बल देने में परिवादिनी की कोई रूचि नहीं है। ऐसी स्थिति में परिवाद को अग्रेतर लम्बित रखना न्यायोचित प्रतीत नहीं होता है। मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों में परिवादिनी की अनुपस्थिति एवं परिवाद पर बल न दिये जाने के आधार पर परिवाद निरस्त किया जाता है। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(रणजीत कुमार)
विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति
(अत्याचार निवारण) अधिनियम, जौनपुर।
जे0ओ0 कोड– यू0पी0 6509

Digitally signed by RANJEET KUMAR
Date: 2026.03.11 16:47:54 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court